Naidunia (Indore), 11th April 2026, Naidunia City, Page - IV

भारतीय खनि विद्यापीठ के लिए प्रतिनिधिमंडल रवाना

युवा संगम के अंतर्गत धनबाद गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य ● सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः युवा संगम के अतर्गत मध्यप्रदेश का युवा प्रतिनिधिमंडल आइआइटी इंदौर से भारतीय खनि विद्यापीठ धनबाद के लिए रवाना हुआ। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेशभर से तीन हजार 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

चयन प्रक्रिया के बाद 50 युवा प्रतिनिधियों का चयन किया गया। इस दल में 23 पुरुष और 27 महिला प्रतिभागी शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश के 40 से अधिक जिलों से चयनित किए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल के साथ आइआइटी के सात अधिकारीगण भी यात्रा करेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा कि प्रतिनिधियों को झारखंड की संस्कृति, परंपराओं, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और विकास यात्रा को निकट से समझने का अवसर मिलेगा।

प्रतिनिधिमंडल 12 जून से 20 जून तक झारखंड के शैक्षणिक और सांस्कृतिक भ्रमण पर रहेगा। इस दौरान प्रतिभागी राज्य के प्रमुख सांस्कृतिक, शैक्षणिक, ऐतिहासिक और औद्योगिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान युवा संगम चरण के नोडल अधिकारी डा. मृगेंद्र दुबे भी मौजूद रहे।